झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | पंचम्(बजट) सत्र

संख्या-17 | शुक्रवार, दिनांक-11 मार्च, 2016 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 04.38 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही विपक्ष के अधिकांश माननीय सदस्य अपने हाथों में स्लोगनयुक्त पोस्टर तथा अखबार की प्रतियाँ लिये हुए अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर ईचागढ़ डैम तथा ऊर्जा-नीति से सम्बन्धित दिये गये कार्य-स्थगन प्रस्ताव पर सदन में चर्चा कराये जाने की माँग करने लगे। इस बीच माननीय सदस्य, श्री निरल पुरती द्वारा ईचागढ़ डैम से सम्बन्धित कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना भी पढ़ी जाने लगी। इस क्रम में माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्राप्त कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को नियम विरूद्ध बताया गया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सदन में अपनी भावनायें अभिव्यक्त की गयीं, लेकिन झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, झारखण्ड विकास मोर्चा एवं काँग्रेस के माननीय सदस्य सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे, इस कारण सदन में अव्यवस्था का महौल कायम हो गया जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.20 बजे पूर्वा० से लेकर 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(शोरगल)

1. सभा मेज पर कागजात का रखा जाना:-

कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के प्रभारी मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा ''भारतीय संविधान की धारा-323(2) में किये गये प्रावधान के अधीन झारखण्ड लोक सेवा आयोग से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2014-15 के वार्षिक प्रतिवेदन'' की एक प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

2. वित्तीय कार्य:-

श्री, चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा **''ऊर्जा विभाग, मंत्रिमण्डल(निर्वाचन) विभाग, पेंशन, योजना-सह-वित्त विभाग(राष्ट्रीय बचत प्रभाग), वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग''** से सम्बन्धित माँग पेश की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

3.वित्तीय कार्य (क्रमांक-2 से जारी) :-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव के संदर्भ में श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा वाद-विवाद प्रारंभ किया गया जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

(इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव सहित काँग्रेस के माननीय सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।)

श्री राधाकृष्ण किशोर,

श्री बिरंची नारायण,

श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,

श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता,

श्री जानकी प्रसाद यादव एवं

श्री राज सिन्हा।

(इस अवसर पर सभा की सहमति से सरकार के उत्तर होने तक सदन का समय विस्तारित किया गया।)

तदुपरांत ''ऊर्जा विभाग, मंत्रिमण्डल(निर्वाचन) विभाग, पेंशन, योजना-सह-वित्त विभाग(राष्ट्रीय बचत प्रभाग), वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग'' से सम्बन्धित पेश की गयी माँग पर सरकार की ओर से श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा द्वारा उत्तर दिया गया। इसके उपरांत **''ऊर्जा विभाग, मंत्रिमण्डल(निर्वाचन) विभाग, पेंशन, योजना-सह-वित्त विभाग(राष्ट्रीय बचत प्रभाग), वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग''** से सम्बन्धित माँग सदन द्वारा स्वीकृत हुई। माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ। इसके पश्चात् सभा की कार्यवाही **सोमवार, दिनांक- 14 मार्च, 2016 के 11.00 बजे पूर्वा०** तक के लिये स्थगित हुई।

राँची, दिनांक- 11, मार्च, 2016 ई०।

बिनय कुमार सिंह
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

—x—x—